ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

करौली (निसं.)। करौली मंडरायल सडक मार्ग स्थित नींदर मोड पर शनिवार की रात एक ट्रैक्टर और मोटर साईकिल की भिडंत हो गई जिसमे मोटर साईकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे करौली अस्पताल के चिकित्सको ने मृत घोषित कर रविवार को पोस्टमार्टम कर परिवार जनो के सुपुर्द कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडरायल करौली सड़क मार्ग पर स्थित मंडरायल के निकट नींदर मोड़ पर ट्रैक्टर से मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। मोटरसाइकिल चालक घनश्याम पुत्र सोनपाल माली गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको उपचार के लिए मंडरायल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर स्थिति होने पर करौली सामान्य चिकित्सालय के लिए रैफर किया जहां पहुंचने से पूर्व ही घायल की मृत्यु हो गई। अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी महेश चंद शर्मा ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए शनिवार रात्रि को मुर्दाघर में रखा गया जिसका रविवार को प्रातः पोस्टमार्टम कर शव परिवार जन को सुपुर्द कर दिया।

'ईआरसीपी पर किसी भी प्रकार की राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी'

■ पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से हुई किसान महापंचायत

हिण्डौन सिटी/वामनवास, (निसं)। उत्तरी-पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के किसानों ने अब एलान कर दिया है कि ईआरसीपी पर किसी भी प्रकार की राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केन्द्र और राज्य सरकार को बिना कोई राजनीति किए ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का कार्य करना चाहिए, ताकि चंबल के पानी से सिंचाई और पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। किसानों ने सरकार को यह भी चेतावनी दी है कि अब चंबल के पानी में कोई देर स्वीकार नहीं होगी। किसानों ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के आव्हान पर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने का संकल्प लिया है।

सवाईमाधोपुर जनपद के वामनवास उपखंड स्थित मौरा सागर बांध पर रविवार को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से छठवीं किसान महापंचायत आयोजित की गई। इस महापंचायत में हजारों की संख्या में उपस्थित किसानों और उत्तरी-पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के किसान प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों के मंत्री राजनीतिक वयानबाजी से ईआरसीपी को एक-दूसरे के पाले में फैंकने की राजनीति नहीं करें, बल्कि 13 जिले के निवासी किसानों के दर्द को समझते हुए गंभीरत से इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर शीघ्र से शीघ्र इस योजना का कार्य शुरू कराएं। उन्होंने कहा कि पेयजल और सिंचाई के अभाव में प्रदेश के 13 जिले विकास में पिछडते जा रहे हैं। पूर्वी राजस्थान में नए औद्योगिक संस्थान स्थापित नहीं हो पा रहे हैं, बल्कि पेयजल के अभाव में उद्योगों पर ताले लटकने लगे हैं। इसी तरह पूर्वी राजस्थान के निवासी किसानों की आमदनी दुगनी की बात दूर, पशु पालन एवं कृषि आधारित जीवन जीना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकार को ईआरसीपी के मुद्दे पर गंभीरता बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में हिमालय और नर्वदा का पानी लाकर क्षेत्र को सरसब्ज किया जा सकता है तो पूर्वी राजस्थान के 13 जिले सूखाग्रस्त क्यों है। प्रदेश की 41 प्रतिशत जनता इसी उत्तरी- पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में निवास करती है। इन जिलों के आमजन सरकार से चंबल से व्यर्थ बहकर जाने वाले पानी को नहरों के माध्यम से लाने की मांग कर रहा है। इसे सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार 13 जिलों के साथ दोगला व्यवहार नहीं करें। आगामी चुनाव आने वाले हैं। इसे देखते हुए सरकार को आमजन की गुस्सा को अभी से परख लेना चाहिए।

प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने कहा कि नहरों के माध्यम से चंबल का पानी ही 13 जिलों के निवासी लोगों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने इसके लिए किसानों के जागरूक एवं एकजुट होने का आव्हान किया। मीना ने कहा कि राजनीति कर रहे सरकार के प्रतिनिधियों को किसानों को अपनी ताकत दिखानी चाहिए। क्षेत्र में जब भी किसी भी दल का मंत्री, विधायक अथवा कोई नेता आए तो उससे हाथ जोडकर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का आग्रह करते हुए उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल पूछे जाने चाहिए। प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के आव्हान पर किसानों ने हाथ खडे कर ईआरसीपी के प्रति एकजुटता का संकल्प लिया और विश्वास दिलाया कि चंबल का पानी आने तक अब वे चैन से नहीं बैठेंगे।

किसान महापंचायत में कहा गया कि ईआरसीपी को अगर राष्ट्रीय परियोजना नहीं बनाया जाता है तो पूर्वी राजस्थान को अलग से राज्य बना देना चाहिए। महापंचायत में किसान संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोठ ने कहा कि सरकार चाहे किसी भी दल की हो, पूर्वी राजस्थान के साथ सदैव अन्याय होता आया है। अब इस अन्याय को ज्यादा दिन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अगर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं देती है, तो पूर्वी राजस्थान को अलग से राज्य बना दिया जाए। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस के नेताओं पर ईआरसीपी के मुद्दे पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे नेता जनसभा बुला रहे हैं, जिन्हें जनसभा की नहीं, बल्कि ईआरसीपी की पत्रावली पर हस्ताक्षर करने की जरूरत है। महापंचायत में रिटायर्ड आईएएस पीडी मीना और रिटायर्ड आईएएस प्रेमचंद मीना ने किसानों को संबोधित किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

■ दहेज हत्या का पीहर पक्ष ने मुकदमा कराया दर्ज

बामनवास, (निसं)। थाना क्षेत्र के भावरा ग्राम में रविवार को विषाक्त पीने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत के बाद विवाहिता के परिजनों पीहर पक्ष द्वारा ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है।

मामले को लेकर थाना अधिकारी बृजेश कुमार मीणा ने बताया कि विवाहिता की मौत की सूचना के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लिया इसके बाद पुलिस द्वारा शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बामनवास मोर्चरी लाकर रखवाया गया। इसके बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पूरे मामले को लेकर ग्राम सैमाडा थाना क्षेत्र पीलोदा जिला सवाई माधोपुर निवासी मृतका विवाहिता के भाई ने आरोप लगाते हुए कहा कि विवाहिता का पति पूरी तरह शराबी था। शादी को करीब तीन साल हो गए हैं। उसकी बहन का पति विवाह के बाद से ही आदतन शराबी होने के कारण उसकी बहिन को प्रताड़ित करता रहता था। जहां उसकी बहन द्वारा तंग आकर विषाक्त पीकर खुद की जीवन लीला को समाप्त कर लिया। थानाधिकारी बृजेश मीणा ने पूरे मामले को लेकर बताया कि विवाहिता की मौत को लेकर मृतक विवाहिता के भाई द्वारा मृतक विवाहिता के ससुराल पक्ष के चार पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। थाना अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच करने पर पाया गया कि मृतक विवाहिता मेहंदी बनाने संबंधी कार्य किया करती थी एवं मेहंदी को रचाने के लिए मेहंदी में मिलाए जाने वाला केमिकल विवाहिता द्वारा पीये जाना सामने आ रहा है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। मृतका विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मृतक विवाहिता द्वारा ऐसा पदार्थ किया गया था जिससे उसका मुंह अंदर से जला हुआ दिखाई दे रहा है। मृतक विवाहिता द्वारा किस तरह का पदार्थ किया गया है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

हथियार सहित युवक गिरफ्तार

करौली (निसं.)। करौली कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए किसी वारदात करने की फिराक में घूम रहे एक युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश चंद मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौलिया के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कोतवाली थाना टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर हाथीघटा पर बड़ी वारदात करने की फिराक में घूम रहे युवक अशोक पुत्र कमर पाल माली 25 निवासी करसाई बामनपुरा को घेर कर हाथीघटा से गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से एक तेज धार वाला चाकू जप्त किया गया जिससे वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। इसके अलावा थाने के सब उप निरीक्षक रामसिंह ने पुलिस जाब्ते की मदद से रवि कुमार पुत्र धन सिंह माली 20 निवासी गदका की चौकी करौली को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया।

वन भूमि में होकर जबरन सड़क निकालने पर मामला दर्ज

■ वन क्षेत्र में अवाछित गतिविधियों के बढ़ रहे मामले

बामनवास, (निसं)। उपखंड स्थित वन क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों एवं अवैध खनन सहित वन कर्मियों द्वारा रोकने के प्रयास के बाद उन पर होने वाले हमले एवं मुंहजोरी के मामले बढ़ते नजर आ रहे हैं। अब अगर वन विभाग अवैध खनन या फिर होने क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास करता है तो उन पर सामूहिक जानलेवा हमला सहित सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से भी ग्रामीण परहेज नहीं कर रहे हैं। ग्राम पंचायत डूंगरवाडा के गांव गोठ सीकरोड़ी में वन विभाग की भूमि में होकर जबरन सड़क निकालने पर जिला परिषद सदस्य के पति सहित करीब 5 जनों के खिलाफ वन विभाग द्वारा पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। वन विभाग के रेंजर दीपक शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को ग्राम गोठ सीकरोड़ी में पहाड़ काटकर वन विभाग की भूमि में होकर जिला परिषद सदस्य पति प्यारेलाल मीणा व उनके समर्थकों द्वारा जबरन सड़क निकाली जा रही थी। इस कार्य के लिए उनके द्वारा एक एलएनटी मशीन का उपयोग किया जा रहा था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम द्वारा मौके पर एलएनटी एवं दस चक्का ट्रेलर को जब्त कर लिया गया। लेकिन मौके पर उनके समर्थकों द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों से अभद्रता एवं छीना झपटी कर एलएनटी एवं ट्रेलर को छुड़ा लिया गया। जिस पर राजस्थान वन अधिनियम की धारा के तहत वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं शनिवार को इस संबंध में बामनवास पुलिस थाने में जिला परिषद सदस्य पति प्यारेलाल मीणा सहित करीब चार-पांच जनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा पहुंचाने चोरी एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कराया गया है।

पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज

■ दलित महिला ने मारपीट व बेअदब करने का लगाया आरोप

वैर, (निसं)। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर पुलिस थाना वैर में पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें एक महिला ने सहायक अभियंता पर गरीब महिला को जान से मारने की धमकी देने, जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है।

पुलिस थाना वैर इलाके के एक गांव की दलित महिला ने पी डब्लू डी सहायक अभियन्ता वैर गोविंद पुत्र गणेश निवासी जगजीवनपुर द्वारा दलित गरीब महिला की जान से धमकी देने, नाजायज रूप से परेशान किए जाने पर पुलिस महानिरीक्षक से एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। जिस पर पुलिस थाना वैर में मामला दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया है कि सहायक अभियंता गोविंद पुत्र गणेश निवासी जगजीवनपुर पीडब्ल्यूडी द्वारा नाजायज रूप से परेशान किया जा रहा है उसे सहायक अभियंता द्वारा कहा जाता है कि इस आबादी में स्थित उसके मकान में हो करके रास्ता निकलेगा जबकि उक्त मकान करीब 20 वर्ष पूर्व से निर्मित है जिसमें इंदिरा आवास के द्वारा पीड़िता के पिताजी को आर्थिक सहायता मिली थी। विभाग द्वारा पूर्ण जांच कराने के उपरांत उक्त आर्थिक सहायता मिली थी जिसके द्वारा पिताजी ने उस मकान को निर्मित करवाया था मकान में प्रार्थी अपने परिवार सहित निवास कर रही है।

7 जून 2022 को समय दोपहर ढाई बजे सहायक अभियंता आया और मकान पर आकर के फीता लगाने लगा। मना करने तो गाली गलौज पर उतर आया और पीड़िता के साथ मारपीट कर दी। बालों को पकड़कर खींच लिया और उसे बे अदब कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर बचाने आए अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की और धमकी दी। पीड़िता का रिपोर्ट में कहना है की उसका पति जयपुर में मजदूरी का कार्य करता है। और वह अपने बच्चे सहित अपने गांव में निवास कर जीवन यापन कर रही है। पीड़िता पुलिस थाना वैर में मामला दर्ज कराने आईं तो पीड़िता की कोई सुनवाई नहीं की और कहा कि उच्च अधिकारियों से आदेश लाकर देने की बात कही की हम इसमें कुछ नहीं कर सकते मामला गंभीर है। तब पीड़िता ने पुलिस महानिरीक्षक से जानमाल की रक्षा करने के साथ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही करने तथा पीड़िता का मेडिकल करवाने की मांग की। जिस पर पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर पुलिस थाना वैर में मामला दर्ज किया है। इस मामले को लेकर मोबाइल फोन से सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी गोविंद मीणा से संपर्क करने का प्रयास किया गया जो नहीं हुआ।

श्यामपुर मूंडरी में आयोजित कन्हैया दंगल पर झूमे श्रोता

■ कन्हैया दंगल में धार्मिक रचनाओं पर महाभारत, रामायण, श्रीकृष्ण की लीला शिवपुराण आदि शास्त्रों में वर्णित कथाओं को अपनी भाषा में गीतों के माध्यम से ढोल और चक की थाप पर लोगों को सुनाते हैं

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। पूर्वी राजस्थान के ग्रामीणों इलाकों में पुरानी परंपरा को जीवंत रखने के लिए गांव-गांव में धार्मिक पद, दंगल और कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। रविवार को गांव श्यामपुर मूंडरी में आयोजित कन्हैया दंगल में श्रोता उमड़ पड़े और झूम उठे। श्यामपुर मुंडरी के ग्रामीण अमर सिंह पटेल, रतन मेडीया, श्यामसुंदर मीणा ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से रविवार को उपखंड क्षेत्र के समीप गांव श्यामपुर मूंडरी में कन्हैया दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न धार्मिक रचनाओं के गीतों पर श्रोता झूम उठे और जमकर आनंद लिया।

कथाओं का गीतों में वर्णन धार्मिक कन्हैया दंगल में शास्त्रों के आधार पर वर्णित कथाओं का वर्णन लोगों को गीतों के माध्यम से किया जाता है। इन माध्यमों से ग्रामीणों अपनी परंपरा को कायम किए हुए हैं। कन्हैया दंगल मे धार्मिक रचनाओं पर महाभारत, रामायण, श्रीकृष्ण की लीला शिवपुराण आदि शास्त्रों में वर्णित कथाओं को अपनी भाषा में गीतों के माध्यम से ढोल और चक की थाप पर लोगों को सुनाते हैं। जिससे लोग आनंद विभोर होकर अपनी परंपरा को कायम किए हुए हैं। गांव के लोगों ने किया सम्मानित रविवार को कन्हैया दंगल में ब्रह्मबाद, गनीपुर, आमबाडा, की पार्टियों ने विभिन्न धार्मिक रचना पर कन्हैया गीतों की प्रस्तुति दी। कन्हैया दंगल में आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने कन्हैया गीतों का आनंद लिया। कन्हैया दंगल कार्यक्रम में अलग-अलग गांवों की टीमों द्वारा पद दंगल गायन का आयोजन किया जाता है। जिसमें पद दंगल गायन के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित होती हैं। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर कार्यक्रम ग्राम वासियों की तरफ से सम्मानित भी किया जाता है। लोगों ने किया स्वागत सत्कार इस दौरान ग्रामीण हरज्ञान, शरवन लाल, सोमोस्या पटेल, शिवराम पटेल, जगदीश अमर सिंह, रतन मीडिया, जोहरी लाल, श्याम सुंदर सहित युवा मंडल ने कन्हैया दंगल में मौजूद लोगों को स्वागत सत्कार किया।

कांग्रेसी हिण्डौन में आज करेंगे सत्याग्रह

हिण्डौन, (निसं)। सोमवार को सुबह 10 बजे से 1 तक हिण्डौन सिटी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित नेहरू पार्क में सत्याग्रह का आयोजन किया जाएगा।

पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा तानाशाही करते हुए संवैधानिक संस्थाओं जैसे ई.डी. व सीबीआई का दुरुपयोग तथा भारतीय सेना को कमजोर करने वाली व भारतीय सेना में जाने के इच्छुक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली अग्निपथ योजना के विरोध में कल सोमवार को हिंडौन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जनों की ओर से शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन किया जा रहा है। नगा परिषद के पूर्व उपसभापति व कंग्रेसी नेता नफीस अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विधायक भरोसीलाल जाटव, नगरपरिषद सभापति बृजेश जाटव, हिण्डौन पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार,श्री महावीर जी पंचायत समिति प्रधान राजेश कुमारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामू,इस कार्यक्रम के लिए पीसीसी की ओर से नियुक्त को कॉर्डिनेटर कमल नगर परिषद के उपसभापति, पंचायत समिति के उपप्रधान,पार्टी के के सभी पूर्व सभापति,उपसभापति प्रधान,उप प्रधान ,पी सी सी व डी सी सी के पदाधिकारीगण, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष, सेवादल,युवा कांग्रेस, एन एस यू आई व महिला कांग्रेस अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी गण,जिला परिषद सदस्य,पंचायत समिति सदस्य, कांग्रेस प्रत्याशी, नगरपरिषद पार्षद, पूर्व पार्षद, पार्टी प्रत्याशी, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी गण, कांग्रेस विचारधारा समर्थित समस्त सरपंच गण, समस्त वार्ड वार्ड पंच तथा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सत्याग्रह कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

जन्मदिन पर भोजन कराया

रूपवास (नि.सं.)। कस्बे में गांधी पार्क पर प्रधान प्रतिनिधि नवलकिशोर गुर्जर उर्फ राजू रसीलपुर का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों गरीब लोगों को इंदिरा रसोई पर भोजन कराया गया।

वृद्ध दम्पति के साथ मारपीट का विरोध

टोडाभीम (निसं)। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रवीना प्रेमराज ने कमालपुरा में वृद्ध दंपत्ति के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट को लेकर विरोध जताया है शहर मंडल अध्यक्ष के द्वारा दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। इसके साथ ही पुलिस एवं प्रशासन से पीड़ित परिवार को उनकी मांग पर न्याय दिलाने की मांग की गई है।

भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रवीना प्रेम राज ने बताया कि टोडाभीम के गांव कमालपुरा में जिस तरह से मानवीय संवेदना को तार-तार करने की घटना सामने आई है पुलिस द्वारा निर्दोष वृद्ध दंपत्ति को बेवजह मारपीट कर चोटिल करना हाथ पैरों में फैक्चर आना यह सब पुलिस की तानाशाही है।

उन्होंने कहा कि चाहे अपराधी कितना ही बड़ा क्यों ना हो लेकिन उसे गिरफ्तार करने के लिए उसके पास अरेस्ट वारंट या फिर घर में घुसने के लिए सर्च वारंट की जरूरत होती है। लेकिन बालघाट पुलिस के द्वारा राठौड़ी करते हुए नियम कायदों को ताक में रखकर वृद्ध दंपत्ति के साथ जो अमानवीय घटना की गई हैं।

मंडल अध्यक्ष के द्वारा उपखंड प्रशासन सहित जिला प्रशासन और सरकार के नुमाइंदे तत्परता दिखाते हुए पीडित व्यक्तियों की मांग पर उचित कार्रवाई करें अन्यथा सरकार और प्रशासन के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उपखंड मुख्यालय और जिला स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ऐसे में अगर कानून व्यवस्था खराब होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस एवं प्रशासन की होगी।

मौसम बदलने से बच्चों में बढ़ी बीमारियां

■ एक बेड पर 5 से ज्यादा बच्चे भर्ती

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। पिछले दिनों आई बरसात के बाद मौसम अचानक से बदल गया। जिससे बच्चों में मौसमी बीमारी लगातार बढ़ रही है। बच्चे बुखार, खांसी, जुकाम, पेट में दर्द, उल्टी, दस्त, डायरिया, वायरल सहित डेंगू जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। शिशु रोग विशेषज्ञों ने भी इस पर चिंता जताई है। डॉक्टरों ने बच्चों की उचित देखभाल करने के लिए अभिभावकों को दी है।

जिला अस्पताल हिंडौन में लगभग 35 बेड का शिशु वार्ड है। जिसमें पिछले 3 महीनों से लगातार एक बेड पर 5 से 6 बच्चों का इलाज किया जा रहा है। बच्चों की बढ़ती बीमारियों से चिकित्सा विभाग और बच्चों के पेरेंट्स की चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। जिला चिकित्सा प्रशासन के डॉक्टरों द्वारा बच्चों की उचित देखभाल के लिए पेरेंट्स को परामर्श दिया जा रहा है। जिससे बच्चों की जान बचाई जा सके। पिछले 3 महीनों का रिकॉर्ड जिला अस्पताल शिशु वार्ड का पिछले 3 महिनों में जिला अस्पताल हिंडोन में मार्च महीने में 0 से 14 साल के 11 हजार 528 बच्चों का इलाज किया गया। जिनमें से 2198 बच्चों को भर्ती किया गया। वहीं 120 बच्चों को रैफर कर दिया गया।इसी तरह अप्रैल महीने में 14 हजार 843 बच्चों का इलाज किया गया। जिनमें से 3024 बच्चों को भर्ती किया गया। वहीं 95 बच्चों को रेफर कर दिया गया। वहीं मई माह में 15 हजार 396 बच्चों को इलाज दिया गया। और 3208 बच्चों को भर्ती कर 138 बच्चों को रैफर कर दिया गया। जून में भी प्रतिदिन 100 से अधिक बच्चों की ओपीडी बढ़ रही है। विभाग के पास मौजूद सेवाओं से डॉक्टर व चिकित्सा कर्मी बच्चों का इलाज कर रहे हैं। जिला अस्पताल हिंडौन में लगभग 35 बेड का शिशु वार्ड स्थापित है। मौसम परिवर्तन के कारण बच्चे अधिक बीमार हो रहे हैं। इस कारण डॉक्टर और चिकित्सा कर्मियों को एक बेड पर 5 से अधिक बच्चों को इलाज दिया जा रहा है। जिला अस्पताल हिंडौन के पीएमओ डॉ नमोनारायण मीणा ने बताया कि बदलते मौसम के कारण बच्चों में बीमारियां बढ़ रही है। जिससे अस्पताल की ओपीडी बढ़ रही है। शिशु वार्ड में बेडों की संख्या बढ़ाने के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जल्द ही इस समस्या का हल किया जाएगा।

सार-समाचार

ट्रेन के आगे कूदकर महिला ने जान दी

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के सेवर थाना इलाके में मुरबारा फाटक के पास एक महिला ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली, बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी। वह पहले भी कई बार आत्महत्या की कोशिश कर चुकी है, लेकिन आज वह घर से दोपहर में निकल आई और जनशताब्दी एक्सप्रेस के आगे कूद गई जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला के शव को स्थानीय लोगों ने पटरियों के पास पड़ा देखा तो उन्होंने सेवर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। कुछ देर बाद महिला के परिजन भी उसे ढूंढते हुए रेलवे लाइन के पास पहुंचे, महिला ये शव की तुरंत शिनाख्त हो गई। महिला के परिजनों ने बताया महिला शशि उम्र 35 साल दिमागी रूप से बीमार थी। वह जिसका इलाज चल रहा था। वह पहले भी कई बार आत्महत्या के लिए रेलवे की पटरियों पर भाग चुकी है लेकिन परिजन उसे पकड़ लाए आज फिर से वह दोपहर में घर से निकल आई जब तक उसके परिजन उसे बचाते तब तक उसने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। घटना के बाद सेवर थाना पुलिस ने शव को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण

भरतपुर, (निसं) । राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आगामी 28 जून से शुरू होने वाली प्रयोगशाला सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सभी परीक्षा प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिये हैं। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन बीना महावर ने बताया कि प्रयोगशाला (विज्ञान) सीधी भर्ती परीक्षा 28 व 29 जून को दो चरणों में होगी । प्रथम चरण में पेपर प्रथम प्रातः 10 बजे से और द्वितीय प्रश्न पत्र दोपहर 2.30 बजे से होगा जबकि द्वितीय चरण का प्रथम प्रश्न पत्र 29 जून को प्रातः 10 बजे से और द्वितीय प्रश्न पत्र दोपहर 2.30 बजे से होगा। इसी प्रकार प्रयोगशाला भूगोल संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 30 जून को प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होगी जबकि प्रयोगशाला सहायक (गृह विज्ञान) संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 30 जून को दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के प्रवेश पत्र बोर्ड की बेबसाईट से डाउनलोड किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड में आना अनिवार्य है तथा सभी परीक्षार्थियों को मास्क लगाकर आना होगा। ड्रेस कोड की जानकारी बोर्ड की बेबसाईट पर दी गई है।

सीएलजी की बैठक में बताई समस्याएं

वैर, (निसं)। पुलिस थाना परिसर में सीएलजी की बैठक का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार भोलाराम वैरवा ने की तथा थानाधिकारी सुमेर सिंह मौजूद रहे। सभी सीएलजी सदस्य आए सभी ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। सदस्यों ने भुसावर रोड स्थित पेट्रोल पंप को लेकर शिकायत करते हुए बताया कि पेट्रोल पंप पर तोल में कम मात्रा में पेट्रोल दिया जा रहा है तथा पेट्रोल में भी मिलावट की जा रही है। सदस्यों द्वारा बताई गई समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। सीएलजी सदस्यों से कहा गया कि वे अपने अपने क्षेत्र के लोगो को सोशल मीडिया से अधिक से अधिक जोड़े और राजस्थान पुलिस फेसबुक पेज और ट्विटर हैंडल से जोड़े जिससे लोगो में जागरूकता आए और क्षेत्रों में शांति व्यवस्था कायम रख सकें।

अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया

बयाना, (निसं)। बयाना पुलिस कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता महिला ने अपने ही देवर पर आपत्तिजनक व अश्लील हरकतें करने और धमकाने के आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका पति गांव से बाहर दूर शहर में मजदूरी करता है। उसे घर पर अकेला देख उसका देवर रोहताष उसके साथ अश्लील व आपत्तिजनक हरकतें करता है पिछले 3 दिनों से तो उसे ज्यादा ही परेशान कर रहा है रोकने टोकने पर जबरन दुष्कर्म करने वाह जान से मारने की धमकियां देता है। पुलिस ने पीड़िता की गुहार पर आरोपी के विरुद्ध जांच कार्रवाई शुरू करते हुए उसकी तलाश शुरू की है।

मृतका के आश्रित को सहायता स्वीकृत

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि श्रीमति क्षिप्रा शर्मा पत्नी मनीष शर्मा निवासी तांबे की टोरी तहसील करौली के 9 दिसम्बर 2021 को सडक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर एवं तहसीलदार करौली की रिपोर्ट के आधार पर परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतका की पुत्री मिशिका को स्वीकृत किये है। वही रामा देवी पत्नी चरण सिंह निवासी जगनपुरा हजरिया की कोठी वार्ड नम्बर 44 तहसील हिण्डौन के 13 अप्रेल को सडक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतका के पति चरण सिंह को स्वीकृत किये है।

गौरव चौधरी प्रदेश महामंत्री नियुक्त

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। शहर निवासी गौरव चौधरी को महाराजा सूरजमल सेना युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। महाराजा सूरजमल सेना के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष करतार सिंह चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि शहर के मोहन नगर निवासी गौरव चौधरी को संगठन के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथियों ने संगठन की विचारधाराओं के अनुसार पूरी सक्रियता से संगठन हित में कार्य करने के निर्देश दिए हैं । इधर चौधरी की नियुक्ति पर समाज का यह जो युवाओं ने हर जताते हो बधाई दी है।

खाईवाली करते एक जने को पकड़ा

बयाना, (निसं)। बयाना कोतवाली पुलिस की ओर से बीती रात्रि को मुखबिर की सूचना पर बयाना के भीमनगर के पास में कार्यवाही कर एक जने को सट्टे की खाई वाली करते रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टे के290 रुपए नगद व सट्टा उपकरण आदि बरामद किए हैं। पुलिस एएसआई साहब सिंह ने बताया कार्रवाई के दौरान कस्बे के भीमनगर पहरिया निवासी राजीव जाटव पुत्र मोहनलाल को सट्टे की खाई वाली करते रंगे हा